CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 27 ▫ अंक- 259 ▫ रायपुर, शुक्रवार 11 अक्टूबर 2024 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## महादेव सट्टा एप का सरगना सौरभ चन्द्राकर दुबई से गिरफ्तार

**रायपुर,** 11 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी एप से जुड़े 6000 करोड़ रुपये के घोटाले का मुख्य आरोपी सौरभ चंद्राकर दुबई में गिरफ्तार हो गया है. यह कार्रवाई इंटरपोल के रेड कॉर्नर नोटिस के आधार पर हुई, जिसे प्रवर्तन निदेशालय के अनुरोध पर जारी किया गया था. इस मामले में ईडी, विदेश मंत्रालय , और गृह मंत्रालय ने मिलकर एक बड़ी कार्रवाई की है.

सौरभ चंद्राकर जो पहले छत्तीसगढ़ के भिलाई में एक साधारण जूस की दुकान चलाता था, वह अब महादेव एप के जरिये सट्टेबाजी का बड़ा साम्राज्य खड़ा कर चुका था. उसकी गिरफ्तारी ने इस बड़े घोटाले के प्रमुख कर्ताधर्ता को कानून के शिकंजे में ला दिया है.

लगभग डेढ़ महीने पहले, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने इस घोटाले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो को सौंपने का फैसला किया था. यह निर्णय 22 अगस्त को लिया गया था और अब इस घोटाले के किंगपिन सौरभ चंद्राकर की गिरफ्तारी हुई है. इस कार्रवाई से सीएम साय के उस मजबूत रुख की याद




दिलाई जा रही है, जिसमें उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा था कि घोटाले में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा. मुख्यमंत्री साय ने तभी यह कहा था कि सभी दोषियों को सख्त सजा दिलाने के लिए जांच सीबीआई को सौंपी गई है.

### महादेव एप घोटाले की बड़ी साजिश का पर्दाफाश

2019 में पहली बार महादेव एप सट्टेबाजी के जरिए अवैध लेन-देन की जानकारी सामने आई थी. इसके बाद से सीबीआई और ईडी इस घोटाले की परतें खोलने में लगी हैं. अब तक 19 में से 9 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं और जांच लगातार आगे बढ़ रही है. सौरभ चंद्राकर की गिरफ्तारी से अब महादेव एप के कई अन्य राज खुलने की उम्मीद है और इस मामले के अन्य पहलुओं पर भी गंभीरता से कार्रवाई होगी.

### सीबीआई और ईडी की अहम भूमिका

सीबीआई और ईडी की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर की गई जांच ने चंद्राकर की गैरकानूनी गतिविधियों का खुलासा किया. अब तक 572.41 करोड़ रुपये की संपत्तियों को अटैच किया जा चुका है, जिसमें से 100 करोड़ रुपये की संपत्ति दुबई में स्थित है.

### गोपनीय कार्रवाई से गिरफ्तारी

सौरभ चंद्राकर की यह गिरफ्तारी अत्यंत गोपनीयता से की गई और केवल कुछ शीर्ष अधिकारियों को ही इसकी जानकारी थी. हमने इस कार्रवाई को पूरी तरह गुप्त रखा ताकि चंद्राकर को आसानी से गिरफ्तार किया जा सके, एक उच्च-स्तरीय सूत्र ने बताया.

### चंद्राकर के प्रत्यर्पण की प्रक्रिया तेज

रूश्व, रूफ्र, ईडीकी त्वरित कार्रवाई यूएई के अधिकारियों द्वारा भारत सरकार और सीबीआई को

### आईजी राम गोपाल गर्ग की अनूठी पहल

इस ऑपरेशन की सफलता के पीछे दुर्ग रेंज के पुलिस महानिरीक्षक राम गोपाल गर्ग का योगदान अभूतपूर्व रहा. गर्ग ने सीबीआई में अपने 7 वर्षों के अनुभव का इस्तेमाल करते हुए सौरभ चंद्राकर की हर गतिविधि पर नज़र रखी. इसके अलावा, गर्ग ने CID के माध्यम से एक पहली बार की गई अनूठी अनुरोध प्रक्रिया चलाई, जो सीधे छत्तीसगढ़ सरकार के गृह विभाग के जरिये की गई थी.आईजी गर्ग ने जुलाई 2024 में मानसून सत्र के दौरान गृह मंत्रालय को चंद्राकर की प्रोविजनल अरेस्ट के लिए तत्काल अनुरोध भेजा. सितंबर 2024 में गृह मंत्रालय ने इस मामले में कुछ महत्वपूर्ण सवाल उठाए, जिसके जवाब गर्ग ने तेजी से दिए और सभी आवश्यक कानूनी औपचारिकताओं को पूरा किया. उनके जवाब के बाद ही प्रोविजनल अरेस्ट और प्रत्यर्पण प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जा सका. इस उच्च-स्तरीय समन्वय का परिणाम ही चंद्राकर की गिरफ्तारी और उसके प्रत्यर्पण की प्रक्रिया में तेजी लाने में कारगर साबित हुआ.

सौरभ चंद्राकर की गिरफ्तारी के बारे में जानकारी दिए जाने के बाद, बीते एक सप्ताह में ही प्रत्यर्पण प्रक्रिया ने तेज़ी पकड़ी. एमईए (विदेश मंत्रालय), MHA (गृह मंत्रालय), ईडी और CBI ने संयुक्त रूप से इस मामले में बेहद तेजी से काम किया है. इन एजेंसियों ने चंद्राकर को भारत लाने के लिए सभी औपचारिकताओं को पूरा करने की प्रक्रिया को बिना देरी के शुरू किया. अब यह एजेंसियां मिलकर चंद्राकर के प्रत्यर्पण के कानूनी और कूटनीतिक पहलुओं को अंतिम रूप देने में जुटी हैं जिसके उपरांत तत्काल सौरभ चंद्राकर की प्रोविजनल अरेस्ट के बाद उसे भारत लाया जाएगा.

## मोदी ने यूरेशिया और पश्चिम एशिया में शांति लाने का किया आह्वान

**नई दिल्ली,** 11 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आसियान सम्मेलन में शामिल होने के लिए लाओस दौरे पर हैं। आज उनके दौरे का दूसरा दिन है। वियनतियाने में आसियान-भारत शिखर सम्मेलन के साथ ही ईस्ट एशिया सम्मेलन का भी आयोजन हो रहा है। भारतीय पीएम ने ईस्ट एशिया सम्मेलन में तूफान टाइफून यागी में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। साथ ही दुनिया के अलग-अलग भागों में चल रहे संघर्षों का ग्लोबल साउथ के देशों पर पड़ रहे सबसे ज्यादा नकारात्मक प्रभाव को देखते हुए प्रधानमंत्री ने यूरेशिया और पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता लाने का आह्वान किया।



### कहा- यह युग युद्ध का नहीं

पीएम मोदी ने 19वें ईस्ट एशिया सम्मेलन को संबोधित कर कहा कि समस्याओं का समाधान युद्ध के मैदान से नहीं आ सकता। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि मुक्त, खुला, समावेशी, समृद्ध और नियम आधारित इंडो-पैसिफिक पूरे क्षेत्र के विकास के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि दक्षिण चीन सागर में शांति, सुरक्षा और स्थिरता पूरे इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के हित में है। उन्होंने कहा, %हमारा मानना है कि समुद्री गतिविधियां संयुक्त राष्ट्र की समुद्री कानून संधि (यूएनसीएलओएस) के तहत होनी चाहिए। नेविगेशन और वायु क्षेत्र की स्वतंत्रता सुनिश्चित करना आवश्यक है। एक मजबूत और प्रभावी आचार संहिता बनाई जानी चाहिए। और इससे क्षेत्रीय देशों की विदेश नीति पर कोई रोक नहीं लगनी चाहिए। हमारा दृष्टिकोण विकासवाद का होना चाहिए न कि विस्तारवाद का।% यह देखते हुए कि दुनिया के विभिन्न हिस्सों में चल रहे संघर्षों का ग्लोबल साउथ के देशों पर सबसे नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है, प्रधानमंत्री ने कहा कि हर कोई (चाहे वह यूरेशिया हो या पश्चिम एशिया) चाहता है कि शांति और स्थिरता जल्द से जल्द बहाल होनी चाहिए।

पीएम मोदी ने कहा, मैं बुद्ध की धरती से आता हूं और मैंने बार-बार कहा है कि यह युद्ध का युग नहीं है। समस्याओं का समाधान युद्ध के मैदान से नहीं आ सकता। संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और अंतरराष्ट्रीय कानूनों का सम्मान करना जरूरी है। मानवीय दृष्टिकोण रखते हुए संवाद और कूटनीति को प्राथमिकता देनी होगी। उन्होंने कहा कि विश्वबंधु के दायित्व को निभाते हुए भारत इस दिशा में अपना हर संभव योगदान देता रहेगा। उनकी यह बयान यूरेशिया में यूक्रेन और रूस के बीच संघर्ष और पश्चिम एशिया में इस्राइल-हमास युद्ध के बीच आया है।

## कल दशहरा



### शुभकामनाएं

विजयदशमी पर्व पर सभी विज्ञापनदाताओं, अभिकर्ताओं, पाठकों और शुभचिंतकों को बहुत बधाई और शुभकामनाएं।

### कल अवकाश

दशहरा के अवसर पर कल 12 अक्टूबर शनिवार को हाईवे चैनल दफ्तर में अवकाश रहेगा। अगला अंक रविवार 13 अक्टूबर को मिलेगा।

-सम्पादक

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आ रही हैं छत्तीसगढ़ 2 दिनों में 6 कार्यक्रमों में होंगी शामिल

**रायपुर,** 11 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 25 और 26 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगी. इस दौरान वे प्रदेश में विभिन्न शैक्षणिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शामिल होंगी. राष्ट्रपति के दौरे का मिनट टू मिनट कार्यक्रम जारी कर दिया गया है. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम इस प्रकार है।



**25 अक्टूबर 2024 ( पहला दिन )**- सुबह 11 बजे- राष्ट्रपति का रायपुर एयरपोर्ट पर आगमन. सुबह 11:30 बजे: रायपुर एम्स के दूसरे दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी. दोपहर 1 बजे: एम्स से रवाना होकर राजभवन पहुंचेंगी. दोपहर 3 बजे: एनआईटी रायपुर के 14वें दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेंगी. शाम 4:30 बजे: नवा रायपुर स्थित पुरखौती मुक्तांगन में स्थानीय आदिवासियों से मुलाकात. शाम 6 बजे: राजभवन लौटेंगी और रात्रि विश्राम करेंगी.

**26 अक्टूबर 2024 ( दूसरा दिन )**- सुबह 9 बजे: विवेकानंद सरोवर, रायपुर का दौरा. सुबह 10 बजे: रायपुर एयरपोर्ट से भिलाई के लिए प्रस्थान. सुबह 11 बजे: एनआईटी भिलाई के चौथे दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी. दोपहर 1:30 बजे: भिलाई से वापस रायपुर स्थित राजभवन लौटेंगी. दोपहर 3:30 बजे: पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति चिकित्सा एवं आयुष विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेंगी. शाम 5 बजे: दीक्षांत समारोह के बाद दिल्ली के लिए रायपुर एयरपोर्ट से प्रस्थान करेंगी.

## नहर में पिकअप के डूबने से 3 बच्चे हुए थे लापता, एक का मिला शव इधर बेटे को खोने के गम में डूबा पिता हुआ हादसे का शिकार

**बिलासपुर/सक्ती,** 11 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। सक्ती के ग्राम बेलाचुआ के एक ग्रामीण परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। कल रात पिकअप के नहर में डूबने के बाद उसका 9 साल का बेटा इंद्र कुमार जायसवाल लापता हो गया था, जिसका शव आज मिला है। वहीं बेटे को खोने के गम में डूबे पिता अशोक जायसवाल भी आज सड़क हादसे का शिकार हो गए और गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जानकारी के मुताबिक, अशोक के साथ बाइक में दो और लोग भी सवार थे, जिन्हें भी चोटें आई हैं। अशोक को सक्ती में प्राथमिक इलाज के बाद रायगढ़ भेजा गया है। घर के चिराग के बुझने के बाद घर के मुखिया के साथ हुए हादसे ने घर के सदस्यों को पूरी तरह तोड़ दिया है। मृतक बच्चे का नाम इंद्र कुमार जायसवाल है, जबकि उसके पिता का नाम अशोक जायसवाल है, जो सक्ती के ग्राम बेलाचुआ के रहने वाले हैं।



बता दें कि बुधवार देर रात सक्ती के बरपाली गांव के पास एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ था, जहां पिकअप में सवार होकर 20 लोग एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। उसी दौरान रास्ते में पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे नहर में जा गिरी थी। नहर में लबालब पानी था, जिसकी वजह से 3 बच्चे पानी में बह गए। वहीं 17 लोगों को तत्काल जेसीबी की मदद से बाहर निकाल लिया गया था। घटना की जानकारी स्थानीय प्रशासन को दी गई थी, जिसके बाद आज सुबह से स्छ्रक्रन्न की टीम लापता बच्चों की तलाश कर रही है, जिसमें से एक 9 साल का बच्चा इंद्र कुमार जायसवाल का शव आज ग्रामीणों ने खोज निकाला। वहीं दो बच्चे अभी भी लापता हैं।

## ब्रेकिंग न्यूज

### मां काली का मुकुट जो पीएम मोदी ने किया था भेंट, बांग्लादेश के मंदिर से हुआ चोरी

**नई दिल्ली,** 11 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। बांग्लादेश में शेख हसीना को सत्ताबदर करने के बाद कट्टरपंथियों की मदद से मोहम्मद युनूस अंतरिम सरकार के मुखिया तो बन गए हैं। लेकिन बांग्लादेश में सत्ता हस्तांतरण की इस प्रक्रिया के दौरान हिंदुओं के साथ जमकर अत्याचार देखने को मिला। उनकी मकानों, दुकानों और पूजा स्थलों को निशाना बनाए जाने की कई सारी खबरें सामने आईं। जिसको लेकर भारत ने भी चिंता जताई। अब बांग्लादेश से नवरात्रि के पावन अवसर पर ऐसी खबर आई है कि जिसे सुनकर हिंदुओं को आघात लगेगा। पीएम मोदी ने बांग्लादेश को मां काली का जो मुकुट भेंट किया था, वो किसी ने चोरी कर लिया है।

भारतीय दूतावास ने 2021 में बांग्लादेश के जेशोरेश्वरी काली मंदिर में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा उपहार में दिए गए मुकुट की चोरी की रिपोर्ट पर गहरी चिंता जताई और बांग्लादेश सरकार पर मामले की जांच करने का दबाव डाला। बांग्लादेशी अखबार द डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार, देवी काली का मुकुट गुरुवार दोपहर 2 बजे से 2.30 बजे के बीच चोरी हो गया।

## समता एक्सप्रेस में लंबी वेटिंग, यात्री परेशान

**रायपुर,** 11 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। समता एक्सप्रेस में लंबी वेटिंग के हालात है। समता एक्सप्रेस के रायपुर स्टेशन आने पर स्लीपर से लेकर एसी कोच में यात्रियों की भीड़ हमेशा देखी जा रही है। वहीं 16 कोच की वंदे भारत ट्रेन में आधे से भी अधिक सीटें खाली जा रही है। यह स्थिति वापसी में भी बनी हुई है।1128 सीटों वाली दुर्ग-विशाखापट्टनम वंदेभारत ट्रेन में रोजाना औसतन 150 से 170 यात्री ही सफर कर रहे है।



दुर्ग-विशाखापतनम वंदे भारत ट्रेन के चलने को लेकर यात्रियों में कोई खास उत्साह फिलहाल नहीं दिख रहा। इसके पीछे सबसे बड़ी वजह महंगा किराया होना बताया जा रहा है। यहीं कारण है कि दोनों तरफ से वंदे भारत आधी खाली सीटों के साथ दौड़ रही।

## हरियाणा में नई सरकार का शपथ ग्रहण 15 को

**नई दिल्ली,** 11 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। हरियाणा में नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 15 अक्तूबर को पंचकूला में होगा। प्रदेश के मुख्य सचिव ने समारोह की तैयारी के लिए 10 सदस्य कमेटी गठित कर दी है। शपथ समारोह में पीएम मोदी समेत कई राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल होंगे। नायब सैनी का सीएम बनना तय है। वहीं उनके साथ 10 से 11 मंत्री भी शपथ ले सकते हैं।

### पीएम मोदी होंगे शामिल

भाजपा बहुमत में है हालांकि तीन निर्दलीय विधायकों सावित्री जिंदल, देवेंद्र कादियान और राजेश जून ने भाजपा को समर्थन देने की घोषणा की है। पार्टी के पक्ष में अब 51 सदस्य होंगे। सरकार को समर्थन की घोषणा करने वाले तीन निर्दलीय विधायकों में से एक को मंत्री बनाया जा सकता है। नई सरकार में नए चेहरों को मौका दिया जा सकता है। दिवंगत बंसीलाल की पौत्री श्रुति चौधरी का मंत्रिमंडल में शामिल होना तय माना जा रहा है। पिछली सैनी सरकार के दस में से आठ मंत्री और विधानसभा अध्यक्ष चुनाव हार गए हैं। हरियाणा के अगले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ही होंगे।

## हाथियों का आतंक: 157 हाथियों का दल अलग-अलग कर रहा विचरण



**रायगढ़,** 11 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। जिले के धरमजयगढ़ वनमंडल के छाल रेंज के लोटन-एडूकला परिसर के कक्ष क्रमांक 483 क्रन्न में हाथियों का एक बड़ा दल पहुंच गया है. इस दल में शामिल 36 हाथी ग्राम बोकरामुडा के आसपास इलाकों में मौजूद हैं, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है. दशहरा और दीपावली के त्योहारी सीजन के दौरान ग्रामीण अपने घरों से बाहर निकलने से परहेज कर रहे हैं. वहीं वन विभाग और हाथी मित्र दल के सदस्य लगातार हाथियों की गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं. वन विभाग ने ग्रामीणों से सावधानी बरतने और हाथियों से दूर रहने की अपील की है.

### 37 किसानों की फसलें बर्बाद ग्रामीणों में दहशत

वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, वर्तमान में रायगढ़ जिले के जंगलों में 157 हाथी अलग-अलग दलों में विचरण कर रहे हैं, जिसमें धरमजयगढ़ वनमंडल में 143 और रायगढ़ वनमंडल में 14 हाथी शामिल हैं. इस दल में 40 नर हाथी, 79 मादा हाथी और 38 बच्चे शामिल हैं. बीती रात हाथियों के इस दल ने 37 किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाया, जिससे ग्रामीणों को भारी नुकसान हुआ है. वहीं वन विभाग हाथियों के मुवमेंट पर लगातार नजर बनाए हुए है.

## दशहरा बाजार रावण से गुलजार





**रायपुर,** 11 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। कल 12 अक्टूबर को दशहरा है और दशहरा में रावण दहन को लेकर लोगों में गजब का उत्साह है। आमापारा बजरंग नगर गणेश मंदिर के पास सदियों से लग रहे रावण बाजार में इस साल भी रावण बनाने के बड़ी संख्या में आर्डर दिए गए हैं। करीब-करीब यहां पर का सौ परिवार रावण-मेघनाथ के पुतले बनाने में दिन-रात व्यस्त हैं। इससे अच्छी खासी कमाई हो जाती है। यहां 5 फीट से लेकर 20 से 25 फीट तक के रावण बनाए जा रहे हैं।






**चूहा-** सुनती हो, राहुल गांधी हरियाणा की हार को लेकर कह रहे हैं पार्टी नेताओं ने पार्टी के बजाय अपने हितों को ऊपर रखा।

**चुहिया-** हां जी, लेकिन राजनीति में अपना हित ही तो सर्वोपरि होता है।

CMYK